
# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

## शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

शनिवार, 20 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | ● वर्ष - 07 | ● अंक 39 | ● पृष्ठ 02 | ● UAN: RJ210011677 | ● www.reporttimes.in



## मैसूर दशहरा उत्सव में बानू मुश्ताक ही रहेंगी चीफ गेस्ट

### फैसले के खिलाफ याचिका SC ने की खारिज

एजेंसी. मैसूर/नई दिल्ली। कर्नाटक के विश्व प्रसिद्ध मैसूर दशहरा उत्सव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को इस साल के दशहरा उद्घाटन समारोह का मुख्य अतिथि बनाए जाने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस मामले पर आज यानी कि 19 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। इसका मतलब यह है कि अब बानू मुश्ताक ही इस साल के मैसूर के दशहरा उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि होंगी।

मैसूर दशहरा को लेकर क्या है पूरा विवाद?

कर्नाटक सरकार ने मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में 22 सितंबर से शुरू होने वाले दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए बानू मुश्ताक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि चामुंडेश्वरी मंदिर में होने वाली पूजा और वैदिक अनुष्ठान हिंदू परंपराओं का हिस्सा हैं, जिसमें दीप प्रज्वलन, हल्दी-कुमकुम और फल-फूल अर्पित किए जाते हैं। याचिका में दलील दी गई है कि ये अनुष्ठान आगमिक परंपराओं के अनुसार होते हैं और इन्हें कोई गैर-हिंदू नहीं कर सकता।

# मणिपुर में असम राइफल्स के काफिले पर हमला, 2 जवान शहीद, 5 घायल

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर अर्धसैनिक बल को निशाना बनाया गया है। बिष्णुपुर जिले में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने शुक्रवार शाम असम राइफल्स के वाहन पर हमला कर दिया। इस घटना में असम राइफल्स के दो जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक जेसीओ भी शामिल है।

नांबोल सबल लेइकाई में हुआ हमला : अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के नांबोल सबल लेइकाई इलाके में शाम करीब छह बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया, "बंदूकधारियों के एक समूह ने उस वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिससे असम राइफल्स के जवान इंफाल से बिष्णुपुर जिले की ओर जा रहे थे। हमले में 2 जवान की मौत हो गई और 2 अन्य घायल हो गए।" एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घायल जवानों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

सफ़ेद वैन में सवार होकर भागे आतंकवादी : एक सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिस जगह पर हमला हुआ वह व्यस्त सड़क थी और उस पर वाहनों की आवाजाही हो रही थी। असम राइफल्स के जवानों के वाहन पर हमला करने के बाद आतंकवादी एक सफ़ेद वैन में सवार होकर भाग निकले। जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए संयम बरता ताकि कोई नागरिक हताहत न हो।

### पहले से घात लगाए बैठे थे हमलावर



बंदूकधारियों के एक समूह ने उस वाहन पर घात लगाकर हमला किया, जिससे असम राइफल्स के जवान इंफाल से बिष्णुपुर जिले की ओर जा रहे थे। हमले में दो जवान की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए



## एशिया कप 2025 में भारत की लगातार तीसरी जीत

## ओमान को हराकर ग्रुप में रहा टॉप

एजेंसी. आबूधाबी। एशिया कप 2025 के आखिरी ग्रुप मैच में ओमान ने मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ आबूधाबी में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वो 21 रनों से मैच जरूर हारे, लेकिन उन्होंने आगे बढ़कर विश्व क्रिकेट की इस दिग्गज टीम के खिलाफ कड़ी टक्कर दी। 189 रनों के लक्ष्य का पाछा करते हुए ओमान के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 56 रनों की साझेदारी की। जतिंदर सिंह ने 32 और आमिल कलीम ने 64 रनों की पारी खेली। इसके बाद आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की, लेकिन ओमान 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी, जिसकी वजह से भारत ने 21 रनों से यह मैच अपने नाम कर लिया। ओमान की तरफ से हम्माद मिर्जा नें 33 गेंद में 52 और आमिर ने 46 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने इस मैच में कुल 8 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन कोई भी एक से ज्यादा विकेट नहीं ले सका, हार्दिक, अर्शदीप, हर्षित और कुलदीप को एक-एक विकेट मिली। अर्शदीप ने एक विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वो टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। ये भारत की जारी टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान और यूएई को हराया था। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने संजू सैमसन (45 गेंदों पर 56 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत 20 ओवरों में 188/8 का स्कोर बनाया, जो किसी एसोसिएट देश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर था। एसोसिएट्स के खिलाफ भारत का अब तक का एकमात्र बड़ा स्कोर 2023 में हांग्जो में नेपाल के खिलाफ 4 विकेट पर 202 रन और 2022 में दुबई में हांगकांग के खिलाफ 2 विकेट पर 192 रन है। मैच में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि उप-कप्तान शुभमन गिल दूसरे ओवर में ही फैजल शाह की गेंद पर सिर्फ पांच रन बनाकर आउट हो गए। अभिषेक शर्मा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में पलटवार किया और सिर्फ 15 गेंदों पर 38 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।



## जम्मू-कश्मीर : किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, गोलीबारी जारी

## दो से तीन आतंकियों के होने के आसार

एजेंसी. जम्मू । जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शुक्रवार रात को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि 2-3 आतंकवादियों के छिपे होने के आसार हैं। इस बारे में सेना के अधिकारियों ने बताया कि डोडा और उधमपुर जिले की सीमा से लगे सेओज धार में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। यह अभियान भारतीय सेना के 9 सेक्टर द्वारा चलाया जा रहा था, जिसका मुख्यालय किश्तवाड़ में है। वहीं व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "किश्तवाड़ के सामान्य इलाके में एक खुफिया सूचना पर आधारित अभियान में, व्हाइट नाइट कोर के सतर्क सैनिकों ने रात करीब 8 बजे आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया।" सेना ने गोलीबारी की पुष्टि करते हुए कहा, "अभियान अभी जारी है."

बता दें कि इसे पहले जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तलाशी अभियान शुरू किया था। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने संयुक्त रूप से ढोलका-सान्याल नर्सरी क्षेत्र में संभावित घुसपैठ मार्ग पर तलाशी अभियान शुरू किया।

गौरतलब है कि सुरक्षा बलों ने मार्च में भी सीमा पार से घुसपैठ कर रहे भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक ग्रुप को इसी नर्सरी में रोका था, जिसके बाद एक लंबा अभियान चला था।

इस अभियान में पाकिस्तान के जैश-ए-मोहम्मद संगठन के तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था. इस अभियान में चार पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए थे।



# श्याम दिव्य दरबार अब चिड़ावा कॉलेज ग्राउंड में सजेगा

## प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल देंगे भजनों की प्रस्तुति

संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा में 24 सितम्बर को चिड़ावा में होने वाले भव्य श्याम दिव्य दरबार भजन कार्यक्रम का आयोजन होंने जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक सुरेश भूकर ने बताया कि श्री श्याम भक्तों की भारी संख्या का अनुमान लगाते हुए कार्यक्रम स्थल बदला गया है।

24 सितम्बर को होंने वाला श्री श्याम दरबार आयोजन अब चिड़ावा कॉलेज खेल मैदान में शाम 7:15 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजक सुरेश भूकर ने सभी श्याम भक्तों से अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री श्याम बाबा का भव्य दरबार रहेगा।

सुरेश भूकर ने आज आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर खेल मैदान का मुआयना किया। इस दौरान आयोजन स्थल पर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी रोहित मील, वरिष्ठ लिपिक संजय चौधरी एसआई दीपक जांगिड़, ठेकेदार प्रदीप चंदेलिया, राकेश भूकर ,विकास कटेवा ,दीपक नेहरा ,धर्मेंद्र ओला ,सतपाल डांगी ,अमित झाझडिया , हास्य कलाकार अंकिता योगी ,जॉनी भाई ,आकाश योगी, विक्रांत राजपूत, सतपाल डांगी- मनोज डांगी,पंकज भूकर ,ललित स्वामी, प्रभुदयाल, टोनी, निशान्त शर्मा ,बाबू खान, नवीन सैनी, युवा प्रवक्ता विकास पायल, आशीष जांगिड़ व पंजाब से लाइटिंग टीम मैनेजर आदि मौजूद रहे।



# चिड़ावा की एनएसआर स्पोर्ट्स एकेडमी का जलवा

## जिला स्तरीय कराटे व वुशु प्रतियोगिता में 14 पदक जीते

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शिक्षा विभाग की ओर से बगड़ के स्पोर्ट्स जोन अकेडमी में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय बालक-बालिका (अंडर 17 व 19 वर्षीय) कराटे और वुशु प्रतियोगिता में चिड़ावा की एनएसआर स्पोर्ट्स एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन किया। गौशाला रोड, मंड्रेला रोड स्थित इस एकेडमी के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक अपने नाम कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत और 9 कांस्य पदक हासिल किए। कराटे और वुशु दोनों में खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-19 कराटे गर्ल्स वर्ग में वेदांशी ने गोल्ड मेडल जीता। 17 वर्ष से कम उम्र के कराटे लड़कों में ऋषभ शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। वुशु अंडर-17 वर्ग में चिराग ने गोल्ड हासिल किया। इसी तरह 17 वर्ष से कम उम्र की कराटे गर्ल्स में ऐना जांगिड़ ने भी स्वर्ण पदक जीतकर एकेडमी का गौरव बढ़ाया। रोहन लांबा ने रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक जीतने वालों में मयंक, लक्ष्य, अंकित, निशिका, आराध्या जांगिड़, छवि शर्मा, अवनि, मोनल और खुशबू शामिल हैं। सभी ने कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपनी काबिलियत दिखाकर पदक पक्के किए। एनएसआर स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक नितिन सिंह राठौड़ ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आज का कार्यक्रम

### अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा आज



कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह तीन दिवसीय महोत्सव आज से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। महोत्सव का शुभारंभ अडूकिया स्कूल के पास स्थित महाकालेश्वर मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा के साथ होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। यह शोभायात्रा सुबह 9:30 बजे महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों कबूतरखाना, विवेकानंद चौक, और मुख्य बाजार से होते हुए अग्रसेन धाम तक जाएगी, जहां यात्रा का समापन होगा। इस शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन का एक भव्य रथ, मनमोहक नृत्य नाटिका, और बाइक रैली आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव में 20 सितंबर को शाम 7:30 बजे, अग्रसेन धाम में 'म्यूजिक धमाल नाइट' का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान एक लकी ड्रॉ भी निकाला जाएगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।



# एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तन्वी का राज्य स्तर पर चयन

## संस्था प्रबंधन ने किया सम्मानित

योगेश्वर पचरंगिया, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। लोहिया स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स जोन ,बगड़ में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय बालक /बालिका 17 एवं 19 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनेक पद, शील्ड , ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के निर्देशक राम सिंह नेहरा, जगपाल यादव और अभय सिंह बडेसरा ,प्राचार्य प्रमोदिनी दुबे एवं प्रमिला झांझरिया ,चेयरपर्सन ममता नेहरा व सचिव प्रदीप नेहरा ने कोच नितिन सिंह राठौर व भवानी सिंह को सम्मानित व विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व पदक देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।14 वर्षीय बालिका एयर पिस्टल 10 मीटर प्रतियोगिता में छात्रा तन्वी में शानदार अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर अपनी जगह पक्की की ।19 वर्षीय कराटे बालिका वर्ग में रिया व शिवालिका ने रजत पदक जीतकर लोहिया स्कूल का नाम रोशन किया, वहीं भूमिका, अंकिता, निहारिका और पलक ने कांस्य पदक अपने नाम किए।17 वर्षीय कराटे बालक वर्ग में यशमित ने रजत पदक जीता जबकि कृष, हिमांशु, पिंकेश और रवि ने कांस्य पदक हासिल किए।17 वर्षीय कराटे बालिका वर्ग में मोनल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 17 वर्षीय वुशु बालक वर्ग में रौनक ने भी कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।इसी के साथ 19 वर्षीय गर्ल्स टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम पूरे जिले में रोशन किया।इस अवसर पर पूर्णमल गजराज,हरिराम शर्मा, विशाल शर्मा ,रेनू राठौर एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




# कराटे में APS का परचम

## विद्यार्थियों का किया विद्यालय में सम्मान

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। एपीएस स्कूल के सानिध्य में बगड़ स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय के अंडर 19 वर्षीय छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झुंझुनूं जिले में प्रथम स्थान एवं अंडर 17 वर्षीय वूशु प्रतियोगिता में भी झुंझुनूं जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

एपीएस स्कूल चिड़ावा के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि वासु सोमरा, खुशी, सोनिका सोमरा, वर्षा मान, सरीना, पलाक्षा, शिवानी, रितिका मान एवं सिद्दार्थ ने गोल्ड मेडल तथा श्रेयश, जयंत, दक्ष एवं विधि ने सिल्वर मेडल एवं अंकित, पीयूष, संकेत, चार्ली, जोया, मयंक व यशदेव ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। इन सभी मेडल विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन डॉक्टर पायल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कोच राकेश सैनी को भी बधाई दी। समारोह में प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव , पी आर ओ डॉक्टर जी सी शर्मा, सिक्योरिटी ऑफिसर शमशाद खान, अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो कोच राकेश सैनी, पी टी आई अरविंद, पी टी आई अंकित कुमार सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### स्त्री शक्ति महिला समूह ने निभाया सामाजिक सरोकार



रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं। स्त्री शक्ति महिला समूह द्वारा राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को यूनिफॉर्म बांटी गई। डॉ. अन्नूश्री फाउंडेशन सोसायटी की ओर से हुए कार्यक्रम में विशेष तौर पर डॉ. अमित चौधरी मौजूद थे। उन्होंने सभी बालिकाओं को यूनिफॉर्म दी और स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की। डॉ. अमित चौधरी ने वैक्सीनेशन से लेकर अच्छे स्वास्थ्य के लिए उपयोगी जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. मीना शेखावत, सुमन मील, ललित राठौड़, रविता चौधरी, मंजू कुमावत, शशि नूनियां, अंजू शर्मा, सोनू जांगिड़ मौजूद थे। सभी ने इस मौके पर यह भी तय किया गया कि बालिकाओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सालभर में अलग—अलग विशेषज्ञ चिकित्सकों के जरिए स्कूल परिसर में फ्री मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे।

### एसडीएम ने किसानों को दिया आश्वासन

रिपोर्ट टाइम्स | सूरजगढ़

सूरजगढ़ में पंचायत समिति सदस्य सोमवीर लाम्बा व वीर तेजाजी विकास संस्थान के अध्यक्ष जगदेव सिंह खरड़िया के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल सही गिरदावरी करवाने की मांग को लेकर एसडीएम से मिला। एसडीएम ने खेतों का निरीक्षण करने और खराबा मिलने पर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सुनिल बिजारणियां जाखोद,लोटिया सरपंच महावीर सिंघल,रमेश ठेकेदार, वेदपाल बिजारणियां,जीणी पूर्व सरपंच बानवीर भड़िया, वेदपाल ठोलिया, सुभाष बिजारणियां, सुभाष मैचू, चिरंजीलाल, सुरेश गर्सा, अमित, रघुवीर काजला, रामवीर राव, रंगलाल मिस्त्री,श्रवण भालोठिया, सुरेन्द्र बिजारणियां, हेमन्त लुनायच उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय जाट महासंघ ने तेजाजी के बलिदान दिवस को राष्ट्रीय बलिदान दिवस घोषित करने की उठाई मांग



रिपोर्ट टाइम्स. गुढ़ागौड़जी। ऊबली बालाजी बस स्टैंड पर राष्ट्रीय जाट महासंघ युवा मोर्चा के गुढ़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण मूंड के नेतृत्व में तेजाजी महाराज के बलिदान दिवस को राष्ट्रीय बलिदान दिवस घोषित करने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान युवा मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण मूंड ने सुमेर झाझड़ियां, महेश महला, महेन्द्र कुलहरी, रोहिताश मूंड, जयप्रकाश कुलहरी, अक्षित कुमार, नवीन कुमार , शीशराम बुगालिया, मोहरसिंह, विकास मूंड, राजेन्द्र कुलहरी, सुरेश कुमार एवं मांगूराम महला सहित अनेक लोग मौजूद थे।